हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 9 अगस्त 2025



11 रक्षा बंधन पर्व को लेकर शहर में रौनक





11 स्कूली गेम्स प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने जीते मेडल




## खबर संक्षेप

### रेलवे फाटक के पास पानी में मिला युवक का शव

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर फाटक के पास जलभराव में एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिला। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल, वीरवार की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि छोटूराम फाटक के पास पानी में एक शव पड़ा हुआ है। इसके बाद जांच अधिकारी राजेश टीम सहित मौके पर पहुंचे और शव को पानी से निकाला गया। आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक के कपड़ों से भी कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत होता है और काफी गली-सड़ी अवस्था में है। उम्र करीब 34 वर्ष आंकी जा रही है। युवक पानी में किन परिस्थितियों में गिरा, यह जांच का विषय है।

### ट्रेन की चपेट में अधेड़ आने से मौत, केस

**बहादुरगढ़।** दिल्ली-रोहतक रेलमार्ग पर नाहरा-नाहरी रोड फ्लाईओवर के पास शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जांच अधिकारी राजेश ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष प्रतीत हो रही है। मृतक के कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला।

### मकान से नकदी और लाखों के आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब गांव बालोर में वारदात हो गई। यहां परिवार सोता रह गया और चोर लाखों रुपये के आभूषण व 55 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर गए। सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे तो वारदात का पता चला। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात विनोद के मकान में हुई है। विनोद का कहना है कि वीरवार की रात करीब 11 बजे परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। इसी दौरान चोर मकान में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम दे गए। सुबह जब मैं उठकर नीचे गया तो कमरे खुले हुए थे। कमरा अस्त व्यस्त था। अलमारी खुली थी और उसका सामान फर्श पर बिखरा हुआ था। जांच करने पर सोने की दो चेन, चार अंगूठी, कानों के टोप्स, मंगल सूत्र, कानों के कुंडल, गले का हार, नोजपिन, चांदी की तीन जोड़ी पायल, चार जोड़ी चुटकी और 55 हजार रुपये नहीं मिले। इसके अलावा एक सूटकेस भी गायब था, जिसमें हमारे परिवार के पहचान पत्र, जमीन के कागजात, पत्नी की डिग्री, मेरी नौकरी के दस्तावेज व बेटी की मार्कशीट सहित अन्य जरूरी दस्तावेज थे।

# जीर्णोद्धार की बाट जोह रही हैं छारा कॉलेज की दरकती दीवारें व गिरती छत

■ जर्जर इमारत की मरम्मत के लिए कॉलेज प्रबंधन और ग्रामीण लंबे समय से लगा रहे गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शिक्षा की नींव मानी जाने वाले स्कूल और कॉलेज खुद जर्जर इमारतों के सहारे टिके हुए हैं। एक तरफ सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के दावे कर रही है तो दूसरी ओर गांव छारा के राजकीय कॉलेज की सरकती दीवारों और ढहती छतों के बीच छात्र शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर है। ग्रामीणों के साथ ही कॉलेज प्रबंधन द्वारा अनेक बार जर्जर भवन की मरम्मत की गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विद्यार्थियों को न केवल खराब इंफ्रास्ट्रक्चर से जूझना पड़ रहा है, बल्कि अपनी सुरक्षा को भी दांव पर लगाकर पढ़ना पड़ रहा है। हरियाणा के अनेक शिक्षण संस्थान जर्जर भवन में संचालित हो रहे हैं।

गांव छारा में बने चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय की हालत भी ऐसी ही है। यहां एडमिशन लेने वाले सैकड़ों छात्र सोचते हैं कि एक अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ क्लासेस लेंगे और अपने भविष्य को संवारेंगे। लेकिन यहां आकर उनके सपनों पर पानी फिर जाता है। छारा कॉलेज की छतें लंबे समय से मरम्मत मांग रही हैं। दरअसल, डीपीसी के ऊपर दीवारों पर दरारें पड़ रही हैं। मेन गेट से लेकर कई कक्षाओं में छतों का प्लास्टर गिर चुका है।

दरकती दीवारें और गिरती छत अपने जीर्णोद्धार की बाट जोह रही हैं। रिपेयर करवाने के लिए कॉलेज प्रबंधन ने कई बार गुहार लगा दी। ग्रामीण भी शिकायतें करके थक चुके, लेकिन हालत ज्यों के त्यों बने हुए हैं। अनिल दलाल ने कहा कि जब तक कोई दुर्घटना नहीं हो जाती, शासन-प्रशासन सचेत नहीं होगा। झालावाड़ में जिस तरह छत गिरने से मासूम बच्चों की मौत हुई, उस दुर्घटना से हरियाणा में प्रशासन ने सीख नहीं ली। ये दुर्भाग्य है कि छारा कॉलेज में गिरते प्लास्टर वाली छतों के नीचे बैठकर छात्र पढ़ने को मजबूर हैं।



बहादुरगढ़। कक्षा में बैंचों पर गिरा छत का मलबा।




बहादुरगढ़। मेन गेट पर जर्जर छत व (इनसेट में) पड़ा मलबा।



बहादुरगढ़। डीपीसी और दीवार के बीच बनी एक इंच की दरार।



### नवीनीकरण की स्वीकृति मिल चुकी : डॉ. दलाल

कॉलेज के जीर्णोद्धार के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। कई बार पत्राचार के बाद नवीनीकरण की स्वीकृति मिल चुकी है। उम्मीद है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा एक सप्ताह के भीतर मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा।

-डॉ. अनीता दलाल, कार्यवाहक प्राचार्य

# जेसीबी की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़




■ मृतक की पहचान करीब 27 वर्षीय दीपांशु के रूप में हुई ,नजफगढ़ का रहने वाला था, केस दर्ज

नयागांव बाईपास चौक पर दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बैकेहो लोडर (जेसीबी) की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में जेसीबी ऑपरेटर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

मृतक की पहचान करीब 27 वर्षीय दीपांशु के रूप में हुई है। दीपांशु नजफगढ़ का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, वह सांपला स्थित किसी कंपनी में काम करता था। वीरवार को छुट्टी के बाद बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। जब नयागांव बाइपास चौक के निकट पहुंचा तो बैकेहो लोडर गाड़ी की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसे काफी चोट आई। अस्पताल लेकर गए तो मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन बहादुरगढ़ आए तो पुलिस ने उनके बयान लिए। परिजनों ने हादसे के लिए बैकेहो लोडर के ऑपरेटर को जिम्मेदार ठहराया है। केस दर्ज करने के बाद शुक्रवार को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# रास्ता रोककर युवक से मारपीट और गाड़ी भी तोड़ी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण में रास्ता रोककर एक युवक पर डंडों से हमला किया गया। उसकी गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए गए। गांव के निवासी पिता, पुत्र पर आरोप है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

वारदात लडरावण के निवासी सावन के साथ हुई है। सावन का कहना है कि वीरवार को वह पूर्व सरपंच की बैठक में हुक्का पीने के बाद गाड़ी में सवार होकर जा रहा था। कुछ दूर पहुंचा ही था कि रास्ते में गांव का निवासी एक व्यक्ति व उसका बेटा मिल गए। उन्होंने गाड़ी पर डंडों से प्रहार किए। मैं गाड़ी से निकला तो मुझ पर भी हमला कर दिया। डंडों और लात-घूसों से प्रहार किए। इसके बाद वहां से चले गए। दरअसल, कुछ दिन पहले उस व्यक्ति के साथ मेरा झगड़ा हुआ था। उसी रंजिश में यह हमला किया गया। हमले में मुझे काफी चोट आई और गाड़ी को भी बेहद नुकसान हुआ है। उधर, सदर थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से की समाधान शिविरों की समीक्षा

## अधिकारियों को शिकायतों का तुरंत समाधान का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को सीएम नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से समाधान शिविर की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में शिकायतों की स्थिति को लेकर गंभीरता से चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। वीसी के दौरान झज्जर जिले की स्थिति पर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने समाधान शिविरों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए ताकि लंबित मामलों की संख्या शून्य कर लोगों की शिकायतों का निवारण सुनिश्चित किया जा सके।




### अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को एकल मंच पर बहुविभागीय समन्वय के माध्यम से हल करना है। उन्होंने कहा कि यदि किसी नागरिक को एक ही मुद्दे को लेकर बार-बार समाधान शिविर में आना पड़ता है तो संबंधित अधिकारी इसके लिए जवाबदेही होगा। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त को यह भी निर्देश दिए कि वे सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दें कि वे प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समुचित कार्यवाही करें, जिससे आमजन को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनका कार्य एक ही बार में हो सके। पुलिस अधिकारी प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान करें सुनिश्चित

**प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर जांच के लिए पहुंचे**

# स्कूल कैब पलटने की सूचना मिलते ही नागरिक अस्पताल दौड़ पड़े परिजन

■ हितांश की मौत से सदमे में परिवार, तीसरी कक्षा का छात्र का मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर





बिरधाना के नजदीक एसएफएस स्कूल की कैब पलटने से हुए हादसे में हितांश की मौत का समाचार मिलते ही बच्चे के परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना मिलने पर नागरिक अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। दादा, दादी और पिता की आंखों से आंसू रूक नहीं पा रहे थे। पुलिसकर्मी और अस्पताल कर्मी परिजनों का ढांढस बढ़ाते हुए दिखाई दिए। उधर, हादसे की सूचना मिलने पर काफी संख्या में लोग नागरिक अस्पताल परिसर में पहुंच गए। अस्पताल परिसर में मौजूद सभी लोगों की आंखें नम दिखाई दी। बाद में गमगीन माहौल में बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

हितांश कक्षा तीसरी का छात्र था। जबकि घायल बच्चे का नाम पूर्व पुत्र अनुज है। जिसका निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। हालांकि कैब में सवार बच्चों की संख्या 10 से 11 बताई जा रही है। लेकिन अन्य बच्चों को हल्की फुल्की चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उधर,हादसे की सूचना मिलने प्रशासन भी हरकत में आ गया। हादसे के बाद स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे है।

**कैब में थे सीएनजी के दो सिलेंडर :** गनीमत यह रही कि बड़ा हादसा होने से बच गया। जिस तरीके से गाड़ी पलटी थी। उस दौरान उसमें सीएनजी के दो सिलेंडर रखे हुए थे। अगर उनमें आग लग जाती तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं जानकारों का कहना है कि गाड़ी में कंपनी द्वारा सीएनजी का एक सिलेंडर लगाया जाता है। लेकिन इसमें दो सिलेंडर लगे हुए थे। नियमानुसार यह अवैध है। कैब में बच्चों के जूते, पानी की बोतलें बिखरी हुई पड़ी थी। जिसको देखकर वहां से गुजर रहे सभी लोगों की आंखें नम हो गई।


बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
(Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in



महंत बालकनाथ योगी
Chancellor, BMU

Zero Admission Fee* BMU SCHOLARSHIP PROGRAMS
or Free Laptop*
Eligibility Criteria

| Marks | Scholarship |
|---|---|
| 85% Above | Upto 50% |

Scholarship: ➤Sibling ➤Single Girl ➤Physical Handicapped
Discount: Upto 25% OFF

B.Ed.* ₹ 22,000/- (Fee Per Sem.)



New Programmes
VLDD (Veterinary Diploma)
B.Sc. Nursing
B.Sc. (Hon.) (Agriculture)

Admissions Open 2025-26

Programmes Offered by the University for Session 2025-26

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF AYURVEDA** | |
| BAMS | 2,25,000/- |
| **FACULTY OF NURSING** | |
| ANM/GNM | -------- |
| B.Sc. Nursing | 1,05,000/- |
| Post Basic B.Sc. Nursing | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES** | |
| D.Pharmacy | 37,500/- |
| B.Pharmacy | 45,000/- |
| M.Pharmacy | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHYSIOTHERAPY** | |
| BPT/ MPT | 45,000/- |
| B.Sc. MLT/Optometry | 31,000/- |
| **FACULTY OF SCIENCES** | |
| B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics) | 11,000/- |
| M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) | 21,000/- |
| B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry) | 11,000/- |
| M.Sc. (Botany, Zoology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Bio-Technology) | 11,000/- |
| M.Sc. (Bio-Technology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Hons.) Agriculture | 31,000/- |

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF LEGAL STUDIES** | |
| B.A.L.L.B • LL.B • LL.M | 27,500/- |
| **FACULTY OF MANAGEMENT AND COMMERCE** | |
| BBA | 15,000/- |
| BCA | 17,500/- |
| MBA • MCA | 26,000/- |
| B.Com. • M.Com. | 11,000/- |
| **FACULTY OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY** | |
| B.Tech. (CSE, ME, CE) | 30,000/- |
| M.Tech. (CSE, CE) | 30,000/- |
| **FACULTY OF HUMANITIES AND LIBERAL EDUCATION** | |
| B.A.- Various Subject Combinations; B.A. (Hons.) English; B.A. Journ. & Mass Comm.; B.Lib. & Info. Sci; M.Lib. & Info. Sciences; M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science) | 11,000/- |
| M.A. Sanskrit • Shastri (UG) | 2,500/- |

Ph.D. (All Streams) As Per UGC Norms.

Application Fee - 1000 || Admission Fee UG 7500, PG 12500 || Exam Fee - UG 2500, PG 3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Affiliation with MDU,Rohtak
*Terms & Conditions Apply

## बहनों ने भाइयों के लिए की जमकर खरीदारी

# रक्षाबंधन को लेकर बस स्टैंड और बाजारों में रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर में रौनक रही। त्यौहार के चलते बस स्टैंड पर दिनभर यात्रियों की भीड़ उमड़ी रही। प्रदेश सरकार द्वारा दी गई निःशुल्क बस यात्रा सुविधा का महिलाओं ने भरपूर लाभ उठाते हुए यात्रा की, जिस कारण बसों में अन्य दिनों की अपेक्षा महिला यात्रियों की संख्या काफी अधिक रही। महिलाएं अपने सिर पर बैग और उपहारों के साथ बसों की ओर आती-जाती नजर आईं। कई महिलाएं अपने साथ लड्डू गोपाल की मूर्ति लेकर भी अपने भाइयों के घर पहुंचीं, जो श्रद्धा और परंपरा का अनूठा संगम दर्शाता है।






**झज्जर।** सरकारी बसों में खिड़की तक खड़े यात्री व बस स्टैंड पर लगी यात्रियों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

सरकारी बसों के साथ-साथ निजी बसों में भी सवारियों की भारी भीड़ रही। अधिकांश बसें यात्रियों से खचाखच भरी हुई थीं। भीड़ होने के कारण महिलाओं को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी। सामान के साथ खड़े-खड़े यात्रा करते हुए उनका बुरा हाल रहा। ऐसे में ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा चालकों भी चांदी रही। पहले के दिनों में जहां ई-रिक्शा चालक एक या दो सवारियों को बिठा कर ले जाते दिखाई देते थे वहीं शुक्रवार को अधिकांश ई-रिक्शा भी सवारियों से फुल रही। सुबह से शुरू हुआ यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

त्यौहार को लेकर शहर के बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही। राखी विक्रेताओं की दुकानों और मिष्ठान भंडारों पर लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। दुकानदारों ने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा शुक्रवार को बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, दिन में कई बार बिजली गुल होने के कारण दुकानदारों और ग्राहकों को कुछ असुविधा का सामना भी करना पड़ा। तेज धूप ने दोपहर में जहां लोगों को परेशान किया वहीं शाम को हुई हल्की बारिश ने मौसम सुहाना बना दिया।



**बहादुरगढ़।** पेड़ों को राखी बांधती प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## वृक्षों को राखी बांध पर्यावरण सुरक्षा का लिया संकल्प

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। छात्राओं को बताया गया कि प्रकृति हमारी सच्ची साथी और रक्षक है, जिसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। ये हमें ऑक्सीजन, छाया, फल और जीवन जीने के लिए आवश्यक वातावरण प्रदान करते हैं। हमें युवा पीलढ़ी को पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक बनाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने कॉलेज परिसर में लगे वृक्षों को राखी बांधी और तरू तरंग अभियान के तहत पौधारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल एक पौधा लगाएंगी, बल्कि उसकी देखभाल भी करेंगी और दूसरों को भी प्रेरित करेंगी।



**बहादुरगढ़।** कॉलेज में प्रिंसिपल के साथ रक्षाबंधन मनाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## एमडी कॉलेज में मनाया रक्षाबंधन

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को एमडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रक्षाबंधन पर्व बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं ने संस्थापक रामनिवास छिल्लर, निदेशक एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ सीमा छिल्लर, डॉ पूनम चौधरी व प्राचार्या डॉ सुरबाला पैकरे आदि को राखी बांधकर यह पर्व मनाया। प्रिंसिपल ने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला और पर्यावरण की रक्षा करने का आह्वान किया।



**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित मेहंदी प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी।

## मेहंदी प्रतियोगिता में काव्य व नैंसी रहे प्रथम

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राखी मेकिंग एवं मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जहां जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने आकर्षक राखियां बनाई वहीं छात्राओं ने अपनी अध्यापिकाओं व एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी रचाई। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में मानसी को पहला, द्विवस को दूसरा व हर्षित को तीसरा स्थान मिला। मेहंदी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में काव्य ने प्रथम, मिस्टी ने द्वितीय व ईरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि सीनियर वर्ग में नैंसी पहले, रचना दूसरे व हिमांशी तीसरे स्थान पर रही। स्कूल प्रबंधक बिमला यादव व उमेश भारद्वाज ने विद्यार्थियों को रक्षा बंधन पर्व की जानकारी देते हुए विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

# ब्रह्माकुमारियों ने कई संस्थानों में मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 सेवाकेंद्र द्वारा रक्षाबंधन पर्व पर डीएस आर्य स्कूल, पीडीएम स्कूल, राजकीय आईटीआई, अशोका इंटरनेशनल स्कूल, चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर और जीवन ज्योति अस्पताल में विशेष आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बीके इंदु बहन ने चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर में विशेष बच्चों के साथ मिलकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया और उन्हें खुश रहने के सरल तरीके बताए। उन्होंने बताया कि सच्ची खुशी बाहरी वस्तुओं से नहीं, बल्कि आत्मा के अंदर छुपे गुणों को



**बहादुरगढ़।** पीडीएम पब्लिक स्कूल में बच्चों के साथ ब्रह्माकुमारी। फोटो : हरिभूमि

जागृत करने से प्राप्त होती है। उन्होंने बच्चों को कुछ मोटिवेशनल टिप्स भी दिए और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराकर उन्हें मन की शांति का अनुभव कराया।

बीके लक्ष्मी दीदी और बीके एंजेल दीदी ने डीएस आर्य स्कूल, पीडीएम स्कूल तथा राजकीय आईटीआई में जाकर शिक्षकों एवं स्टाफ को रक्षासूत्र बांधा। उन्होंने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि जब हम परमात्मा को अपना पिता, मित्र और सच्चा साथी मानते हैं, तब वह हमें हर परिस्थिति में रक्षा करता है।

कार्यक्रम के दौरान प्रसाद भी वितरित किया गया। प्रिंसिपल गीता आर सिंह और सुमन हुड्डा आदि ने ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार प्रकट किया। ऐसे सकारात्मक और नैतिक मूल्यों को जाग्रत करने वाले कार्यक्रमों को समय-समय पर करने का अनुरोध किया।

ब्रह्माकुमारियों ने बच्चों को हमेशा सकारात्मक सोचने, अपने भीतर आत्मविश्वास बनाए रखने और दूसरों को प्रेरित करने वाली छोटी-छोटी बातों को अपनाने की प्रेरणा दी।



**बहादुरगढ़।** स्कूल में बनाई गई राखियां दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## श्री स्वामी समर्थ स्कूल में बनाई राखियां

**बहादुरगढ़।** लडरावण स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार की उपयोगिता और महत्व के बारे में अपने विचार प्रार्थना सभा में प्रस्तुत किए। नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने थाली सजाई और स्वयं रक्षा सूत्र बनाए। इन रक्षा सूत्रों को देश के सैनिकों को भेजा गया। नौवीं से 12वीं तक की छात्राओं ने पेड़ पर राखी बांधकर उनकी रक्षा करने का प्रण लिया। विद्यालय संचालक अभिषेक छिल्लर ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और पवित्रता का प्रतीक है।

# राखी बनाने में प्रियंका व मेहंदी लगाने में सोनिया रही प्रथम



**बहादुरगढ़।** प्रतियोगिता के दौरान मेहंदी लगाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में राखी निर्माण एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राखी निर्माण प्रतियोगिता में प्रियंका पहले और प्रीतिका दूसरे नंबर पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम स्थान और दीपिका दूसरे स्थान पर रही। शुक्रवार को गर्ल्स कॉलेज के सांस्कृतिक सेल एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।

प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए बनाए गए निर्णायक मंडल के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुदेश राठी, एसोसिएट प्रोफेसर संगीता व हिंदी विभाग की रेखा शामिल रही। विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए डॉ. सुदेश राठी ने कहा कि ऐसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं छात्राओं की कला और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हमारी समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में सहायक सिद्ध होती हैं।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डॉ. सीमा, महिला प्रकोष्ठ की सदस्य तनवीर, डॉ. शशि भारद्वाज, डॉ. रेखा आदि ने अहम भूमिका निभाई। डॉ. सीमा ने बताया कि प्रतिभागी छात्राओं ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता, सौंदर्य-बोध और पारंपरिक कला के प्रति प्रेम को अपनी कृतियों में जीवंत किया। रंग-बिरंगी राखियों में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीकात्मक सौंदर्य झलक रहा था, वहीं मेहंदी डिजाइनों में भारतीय संस्कृति की कलात्मक बारीकियां स्पष्ट रूप से नजर आई।



**बहादुरगढ़।** एक-दूसरे को राखी बांधते स्पेशल बच्चे।

## स्पेशल बच्चों ने राखियां बनाकर बांधी

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्कूल में स्थित नक्षत्र और आशा किरण स्पेशल स्कूल में रक्षाबंधन का त्यौहार उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। स्पेशल छात्राओं ने राखी बनाई और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल समेत अन्य ने स्पेशल बच्चों से राखी बंधवाई। सभी छात्र व छात्राओं ने एक दूसरे को राखी बांधी।



**झज्जर।** तैयार की गई राखियां दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने बनाई सुंदर एवं मनमोहक राखियां

**झज्जर।** संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटोदा में शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व को लेकर आयोजित राखी बनाओ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हुए आकर्षक राखियां बनाई। स्कूल प्राचार्या श्वेता कौशिक ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन पर्व के महत्व व इसके बदलते स्वरूप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और उनके पवित्र बंधन को दर्शाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते हुए उनसे जीवन भर अपनी रक्षा करने का वचन लेती हैं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सुंदर राखियां बनाई। सभी विजेता विद्यार्थियों को संस्थान द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## बच्चों ने बनाई सुंदर राखियां




बहादुरगढ़। रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में अशोका इंटरनेशनल स्कूल में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फाउंडेशन वर्ग के बच्चों ने एक-दूसरे के हाथों में राखियां बांधकर व तिलक लगाकर मिठाइयां बांटी। शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी सुंदर राखियां तैयार की। प्रिंसिपल जैनेंद्र कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना जागृत होती है। स्कूल संचालिका विजयलक्ष्मी ने सफल आयोजन के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

# राखी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित राखी प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी निर्माण प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता परिणामों में तीसरी कक्षा में तनीषा, रिया, मोक्ष, भविष्य व तनवी, चौथी में अद्विता, इशिका, छवि, शिवानी, प्रीति व भावी, पांचवीं कक्षा में महक, सिया, परी, हिमांशु व नव्या ने उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। निदेशक धर्मेंद्र जून ने बताया कि इनके अलावा छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच भारतीय संस्कृति को दर्शाते हुए पारंपरिक भोजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक व्यंजन प्रस्तुत किए।

सभी प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर विद्यालय कोर्डिनेटर प्रियंका शर्मा, एक्टिविटी इंचार्ज तुशिका, उप प्राचार्य संगीता जून, एचओडी रितु जून, पिंकी सोलंकी, ज्योति यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** राखियां बनाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने बनाई आकर्षक राखियां

**झज्जर।** एमआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हसनपुर में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने जहां आकर्षक राखियां बनाकर एक-दूसरे की कलाई पर बांधी वहीं विद्यालय परिसर में स्थित पेड़-पौधों को भी राखियां बांधकर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। निर्णायक मंडल की भूमिका साक्षी व पुष्पा भारद्वाज ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में ख़ुशी, दीक्षा, अन्वि, जीवांश, निशु, मुस्कान ने पहला, अवनि, दीक्षा, उदय, सरांशी, विवेक व इशिका ने दूसरा तथा पलक, हिमांशी, सांची, रिया और वंशु ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर विद्यालय निदेशिका संगीता कोडान, उपनिदेशक सुभाषचंद्र यादव प प्राचार्या नेहा शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।



**झज्जर।** प्रतियोगिता के अंतर्गत राखियां बनाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## अंतर सदनीय राखी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

झज्जर। संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में अंतर सदनीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं में ऑनेस्ट सदन ने बाजी मारी जबकि रिस्पेक्ट सदन ने दूसरा व करेज सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छठी से आठवीं कक्षा तक के वर्ग में करेज सदन पहले, ट्रस्ट सदन दूसरे व रिस्पेक्ट सदन तीसरे स्थान पर रहा। तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के वर्ग में ट्रस्ट सदन प्रथम, रिस्पेक्ट सदन द्वितीय व करेज सदन तृतीय रहा। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने विद्यार्थियों को रक्षा बंधन पर्व के महत्व की जानकारी दी।

## पोस्टर व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**झज्जर।** जय मॉडर्न स्कूल दुल्हेड़ा में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग तथा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रक्षा बंधन विषय पर सुंदर व आकर्षक पोस्टर बनाए। सीनियर वर्ग की छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय निदेशक शुगन शर्मा ने रक्षाबंधन के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाराज बलि की कथा सुनाकर विद्यार्थियों को रक्षा बंधन का महत्व बताया। इस मौके पर प्राचार्य रोहित शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।




**झज्जर।** रक्षा बंधन को लेकर बनाए पोस्टर दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने बनाई रंग-बिरंगी राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

इंडो अमेरिकन स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता में नर्सरी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने रंग-बिरंगी राखियां बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

प्रतियोगिता में पहली कक्षा से दिया, जिया व आदि, दूसरी कक्षा नायरा, गुंजन व शौर्य, तीसरी कक्षा में दिव्यांशी, कनक व महक तथा पुलकित और जानविका, चौथी कक्षा में समीक्षा, रिद्धि, पूर्वी व केशव, पांचवीं कक्षा में प्रियांशी, गौरव, परी व परिधि, छठी कक्षा में लवली, भूमिका व दिव्यांशी तथ रिया शर्मा व रिद्धि, सातवीं कक्षा में वंश, दिव्या, जिज्ञासा व चित्रांशी, आठवीं कक्षा में महक, चीना व सोहम, नौवीं कक्षा में प्रियांशी, अक्षिता व निशु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षकाओं को राखी भी बांधी।



**झज्जर।** शिक्षिका के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## महिलाओं को तिलक लगाकर मेहंदी बांटी

**बहादुरगढ़।** अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी की मातृशक्ति शाखा ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर रेलवे रोड पर महिलाओं को तिलक लगाकर निशुल्क मेहंदी वितरित की और रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। मातृशक्ति दल का नेतृत्व प्रमिला देवी, मधु और मिता देवी ने किया। इडॉ. बनीता, सुदेश देवी, रामरती देवी और शकुंतला जी ने सहयोग किया। बाजार से गुजरने वाली महिलाओं ने तिलक और मेहंदी पाकर खुशी जाहिर की। प्रकाश व वहां मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम सद्भाव को बढ़ाते हैं।



**झज्जर।** बस चालकों व परिचालकों को राखी बांधते हुए जूनियर विंग के विद्यार्थी।

## बस चालकों व परिचालकों को बांधी राखी

**झज्जर।** सनराइज हाई स्कूल में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में पहली कक्षा से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने राखी बनाओ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए मनमोहक राखियां बनाई। विद्यालय निदेशक रवि यादव ने प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए बेहतरीन राखी बनाने वाले विद्यार्थियों की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्याध्यापिका रूबी यादव ने विद्यार्थियों को रक्षा बंधन पर्व के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने बस चालक एवं परिचालकों को राखी भी बांधी।

## खबर संक्षेप


झज्जर। आदेशों की प्रतियां जलाते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### सफाई कर्मचारियों ने किया ऑनलाइन हाजिरी का विरोध

**झज्जर।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर शुक्रवार को नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने एमएसडब्ल्यू ऐप पर ऑनलाइन हाजिरी लगाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कर्मचारी यादव धर्मशाला परिसर में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सरकार द्वारा ऑनलाइन हाजिरी के संबंध में जारी किए आदेशों की प्रतियां भी जलाई। नगर परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चांवरिया ने बताया कि सरकार उनकी लंबित मांगों को पूरा नहीं कर रही और उन पर ऑनलाइन हाजिरी का दबाव बनाया जा रहा है। उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा बंद करना, शहरी व ग्रामीण सफाई कर्मचारी का वेतन 26 हजार रुपये लागू करना, एमएसडब्ल्यू ऐप को बंद करना, सेवानिवृत होने पर सफाई कर्मचारी को दस लाख रुपये देना, पांच हजार रुपये जोखिम भत्ता लागू करना शामिल है।

## अंडर-19 आयुवर्ग में वॉलीबॉल टीम प्रथम रही

# स्कूली गेम्स प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

- ब्लॉक स्तर पर अंडर-17 आयु वर्ग में लड़कों की फ्री स्टाइल कबड्डी टीम व ग्रीको रोमन कबड्डी टीम ने पहला स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा स्कूली गेम्स प्रतियोगिताओं में बीकेडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय निदेशक जितेंद्र रोहिल्ला ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर अंडर-17 आयु वर्ग में लड़कों की फ्री स्टाइल कबड्डी टीम व ग्रीको रोमन कबड्डी टीम ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-19 आयुवर्ग में वॉलीबॉल टीम प्रथम रही। इसके अलावा अंडर-14 आयु वर्ग की रिले रेस के 100 मीटर व 400 मीटर की स्पर्धा तथा अंडर-19 आयुवर्ग की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में खिलाड़ियों ने पहला स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की अंडर-14 आयुवर्ग की 100 मीटर स्पर्धा में पहला शॉटपुट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की कबड्डी टीम भी प्रथम रही। उन्होंने बताया कि अब विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।



झज्जर। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी, प्रशिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### खेल महाकुंभ में पांच किलोमीटर दौड़ में राहुल गुलिया ने जीता स्वर्ण पदक

**झज्जर।** पंचकुला में आयोजित खेल महाकुंभ में जिले के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल तीसरा स्थान हासिल किया है। एथलेटिक्स कोच पवन ने बताया कि जिले के खिलाड़ियों ने आठ पदक जीतते हुए ओवरऑल ट्रॉफी जीती। उन्होंने बताया कि जीते गए पदकों में पांच स्वर्ण पदक, एक रजत व दो कांस्य पदक शामिल हैं। पांच किलोमीटर दौड़ में राहुल गुलिया ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जैवलिन थ्रो में मोहित ने, हैमर थ्रो में निर्भय व स्नेहा तथा तीन किलोमीटर वॉकरेस में रितिका ने स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में गौरव ने रजत पदक, 800 मीटर दौड़ में संकेत व जैवलिन थ्रो में नसीब ने कांस्य पदक जीत कर जिले का गौरव बढ़ाया। बिट्टू प्रधान सिलानी, सोनू तलाव, राजबीर सिंह धौड़, कृष्ण तलाव, अंकित कोडान आदि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**झज्जर।** हरियाणा स्कूल खेलकूद की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एचआर ग्रीन फील्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते पदक हासिल किए हैं। एथलेटिक्स में अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के तेरह खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। प्राचार्य महेंद्र सिंह गुलिया ने बताया कि अंडर-17 में हर्षिता चाहर ने 3000 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीता। प्रगति ने ट्रिपल जंप में स्वर्ण पदक तथा लंबी कूद में सिल्वर पदक हासिल किया। हर्षिता बालियान ने 800 मीटर रेस व हर्षिता चाहर ने 1500 मीटर रेस में सिल्वर मेडल जीता। इनके अलावा प्रगति, दीपांशी, साक्षी, शगुन, हर्षिता बालियान और अंतिम ने 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में स्वर्ण पदक तथा प्रगति, हर्षिता बालियान, दीपांशी, साक्षी व शगुन ने 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में सिल्वर पदक हासिल किया। अंडर-14 आयु वर्ग की 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में पुलकित,जैसमिन, कीर्ति, प्रियांशी और हर्षिता जांगड़ा ने सिल्वर मेडल जीता। इस उपलब्धि पर निदेशक विकास धनखड़ ने कोच विकेश, अवधेश, अमित कुमार और गिन्नी देवी को बधाई देते हुए विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हाजिरी कटौती के विरोध में सफाई कर्मियों ने किया झाड़ू प्रदर्शन

- पूरे महीने काम करने के बावजूद कई जगह 12 या 15 दिन की हाजिरी काट दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को शहर में सफाई कर्मचारियों ने ऑनलाइन हाजिरी कटौती के विरोध में झाड़ू प्रदर्शन किया। प्रदर्शन नगर परिषद गेट से शुरू होकर लाल चौक तक पहुंचा, जहां कर्मचारियों ने चार अगस्त को जारी सरकार के उस नोटिस की प्रतियां जलाकर विरोध जताया, जिसमें हाजिरी कटौती का जिक्र है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पूरे महीने काम करने के बावजूद कई जगह 12 या 15 दिन की हाजिरी काट दी गई, जिससे त्योहार के समय भी वेतन में कटौती हुई। उन्होंने कहा कि यह गरीब सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय है और सरकार का यह कदम सरासर गलत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की, जबकि मंच संचालन सचिव अमित परनाला ने किया। इस अवसर पर राज्य संगठनकर्ता राजपाल, जिला प्रधान राजेंद्र तूषामड़, इकाई वरिष्ठ उप प्रधान लीलाराम, जिला ऑडिटर संदीप, इकाई ऑडिटर सुनील परनाला, मुख्य दरोगा वेदपाल, कैशियर मुकेश दरोगा, सह सचिव होशियार सिंह दरोगा, उप प्रधान सपना, प्रचार सचिव सरोज, अजय, जय भगवान, उषा, दीपक, नंदराम दरोगा, कुलदीप सहित अन्य कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल रहे।


बहादुरगढ़। नोटिस की प्रति जलाकर विरोध जताते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। खिलाड़ियों के हाथ मिलवाकर शतरंज प्रतियोगिता की शुरूआत कराते मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

### शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** आरपीएस स्कूल में शुक्रवार को लड़कों की जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंडर-14 आयुवर्ग की इस प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा नेता बाबू वीर कुमार यादव व खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों के हाथ मिलवाकर किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए उपस्थित डीपीई महेंद्र पूनिया, संजय कुमार, जय सिंह, संजीव कुमार, चंद्रशेखर व धर्मेंद्र खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्या अंजू यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में आरपीएस कोसली, धारूहेड़ा व बीएमजी रेवाड़ी के खिलाड़ियों ने पदक जीते। पांच खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। स्कूल निदेशक हंसराज यादव व मुख्यातिथि द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

## न्यूज डायरी

### डीसी से मिले विहिप व भाजपा नेता


जिला उपायुक्त से मिलते भाजपा व विहिप नेता।

**बहादुरगढ़।** कसार के निकट मंदिर तोड़ने के मामले में भाजपा और विहिप के नेता ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ जिला उपायुक्त से मिले। इससे पहले वे मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री हरज्ञान सिंह, जिला प्रचार प्रमुख पंकज कौशिक, मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रमेश भगत, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, भाजपा नेता ऋषि भारद्वाज, श्रीराम खटोड़, जगत नारायण, उमेद, सतीश, हिमांशु, रवि व रोहताश आदि ने जिला उपायुक्त स्वप्निल पाटिल से मुलाकात की। इस प्रकरण से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, नुकसान की भरपाई करवाने की मांग की। उनके अनुसार मंदिर तोड़कर लोगों की आस्था पर गहरी चोट की गई है।

### बेसहारा गोवंश को पकड़ने का काम शुरू


ठेकेदार द्वारा पकड़े गए बेसहारा गोवंश।

**बहादुरगढ़।** शहर की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि शुक्रवार लगभग 30 बेसहारा गोवंशों को पकड़ा गया है। उन्हें खेड़का गुर्जर स्थित गौशाला में भेजने की नियमानुसार व्यवस्था की गई है। जहां वे सुरक्षित रह सकेंगे और शहरवासियों को दुर्घटनाओं से राहत मिलेगी। शहर में घूमते बेसहारा गोवंशों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं। जिला उपायुक्त ने 31 अगस्त तक सभी गोवंश को पकड़कर गौशाला में भिजवाने के निर्देश दिए थे। नप के ईओ अरुण नांदल ने बताया कि नगर परिषद ने एक हजार बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए टेंडर अलॉट कर रखा है।

### त्रिवेणी स्कूल में हुई अनेक गतिविधियां


बहादुरगढ़। संगीता वर्मा के साथ स्कूल के विद्यार्थी।

**बहादुरगढ़।** शहर के त्रिवेणी मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राखी उत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल में एक विशेष सभा हुई। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा ने रक्षाबंधन के पर्व का महत्व समझाया। विद्यार्थियों ने राखी निर्माण, थाली सजावट तथा उपहार सजावट प्रतियोगिताओं में सक्रियता से भाग लिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर प्रदर्शन किया।

### स्पेशल बच्चों ने नूना माजरा में लगाए पौधे



इंस्टिट्यूट में पौधे लगाते स्पेशल बच्चे।

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा के बाबा रामदास इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन में शुक्रवार को को पौधरोपण अभियान चलाया गया। संस्था अध्यक्ष नवीन देसवाल व लोकेश कुमार ने अभियान के दौरान क्षेत्र में नीम, शीशम, पीपल, बरगद, जामुन, आम, अमरूद आदि के 50 पौधे लगवाए।


बहादुरगढ़। विभाजन के शहीदों को श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता व अन्य।

# शिव महापुराण कथा का समापन श्रद्धालुओं में वितरित किया प्रसाद


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में शिव महापुराण कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

- शिव महापुराण कथा सुनने मात्र से ही जीवन के सभी पापों का विनाश हो जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को बाबा कांशीगिरी मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा का समापन हो गया। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि शिव महापुराण कथा सुनने मात्र से ही जीवन के सभी पापों का विनाश हो जाता है और जीवन के अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं उन्होंने रक्षाबंधन पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेशम की इस डोर में भाई बहन का जो पवित्र नाता बंधा हुआ है उसकी कोई कीमत नहीं होती। देखने में तो यह मात्र धागा है मगर रक्षा बंधन के दिन इसमें गुण समाहित होता है। शिशु पाल का वध करते समय सुदर्शन चक्र से भगवान श्री कृष्ण की तर्जनी उंगली में चोट आ गयी थी तब द्रौपती ने रक्त को रोकने के लिए अपनी दुपट्टा फाड़कर उनकी उंगली पर बांध दी थी। यह द्रौपदी का बंधन था। जब द्रौपदी का चीर हरण हो रहा था तब श्री कृष्ण ने इस बंधन का फर्ज निभाया था और द्रौपदी की लाज बचाई। तब से श्रावण मास की पूर्णिमा को रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया जाने लगा। इस दौरान इंदु शर्मा, उषा काठपालिया, शांति कटारिया, शीला चुघ, नारायणी सरदाना, नीलम गाबा, कमल लता शर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने तैयार किए आकर्षक पोस्टर

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने पोस्टर और रंगोली बनाकर पर्व की खुशियां मनाई। एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लो ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को रक्षा बंधन पर्व की महत्ता से अवगत कराया। इस मौके पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टर व रंगोली का अवलोकन किया। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण की डेडलाइन 31 अगस्त, लेकिन काम 76 प्रतिशत पूरा

# अधूरे फुटओवर ब्रिज को आरटीआई में बताया पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अमृत भारत योजना के तहत बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन नवनिर्माण के साथ ही सौंदर्यकरण का काम जारी है। इसे लेकर दिल्ली रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाड़ा ने आरटीआई लगाई तो पता चला कि इसकी डेडलाइन 31 अगस्त है, लेकिन काम 76 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। इसके अलावा एक अधूरे फुटओवर ब्रिज के निर्माण को पूरा दर्शाने से भी दैनिक यात्री हैरान हैं। बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर अधूरे बने फुटओवर ब्रिज पर रेलवे के अनुसार आगे कोई काम नहीं होगा। आरटीआई में दी गई सूचना में बताया गया है कि रोहतक दिशा की तरफ बनाए गए नए फुटओवर ब्रिज के निर्माण के लिए डिपोजिट एस्टीमेट के आधार पर 28 अप्रैल 2019 को टेंडर आमंत्रित किए गए थे। हरि शंकर नामक कंपनी को टेंडर दिया गया था। इस फुटओवर ब्रिज के लिए राज्य सरकार ने सिविल वर्क, टीआरडी व इलेक्ट्रिक काम के लिए 1 करोड़ 70 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। इसमें से 1 करोड़ 54 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। अब इस फुटओवर ब्रिज पर आगे काम नहीं किया जाएगा। बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर 2 फुटओवर ब्रिज हैं और स्टेशन पर जीएसयू डिपार्टमेंट द्वारा तीसरा फुटओवर ब्रिज बनना प्रस्तावित है। इसीलिए अब दूसरे फुटओवर ब्रिज पर कोई निर्माण नहीं होगा। लेकिन हैरत की बात है कि इस फुटओवर ब्रिज पर न तो शेड लगा है और नई बस्ती की तरफ जीने का ढांचा बनाकर तैयार तो किया गया है, लेकिन इसे फुटओवर ब्रिज से नहीं जोड़ा गया है। लाइट का प्रबंध भी नहीं किया गया है। ऐसे में रेल विभाग द्वारा इस फुटओवर ब्रिज के निर्माण को पूरा मान लिया जाना समझ से परे है।


बहादुरगढ़। रेलवे स्टेशन पर अधूरा पड़ा फुटओवर ब्रिज। फोटो :हरिभूमि

### 31 अगस्त 2025 तक भवन का निर्माण कार्य पूरा होने पर संशय स्वाभाविक


सतपाल हाड़ा

सतपाल हाड़ा ने बताया कि रेल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बहादुरगढ़ स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत 6 करोड़ 29 लाख 33 हजार 252 रुपये की लागत से नया भवन तैयार हो रहा है। इस काम के पूरा होने की निर्धारित तिथि 31 अगस्त 2025 तय की गई है। हालांकि आरटीआई के तहत दी गई जानकारी के अनुसार केवल 76 प्रतिशत काम ही हुआ है। ऐसे में 31 अगस्त 2025 तक भवन का निर्माण कार्य पूरा होने पर संशय स्वाभाविक है।

### विभाजन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** चौथे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर गुरुद्वारा श्री सचखंड साहिब में कार्यक्रम हुआ। इसमें पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, वरिष्ठ भाजपा नेता बोधराज सीकरी, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, भाजपा नेता दिनेश कौशिक, कप्तान बिरधाना, संजय कबलाना, चेयरपर्सन सरोज राठी व जिला संयोजक चिराग परूथी आदि मौजूद रहे। वक्ताओं ने 14 अगस्त 1947 को हुए बंटवारे की दर्दनाक घटनाओं को याद किया। प्राण गंवोन वाले हजारों नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई। विभाजन को मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी बताया। विभाजन में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

**सूचना**

मैं, राजरानी पत्नी श्री चंद्र मोहन निवासी माता चौक, जाफरपुर कलां, साउथ वेस्ट दिल्ली-110073 हाल आबाद मांडौठी बाजार, गऊगौरा, नियर पुरानी एसडीएम कोर्ट, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र निखिल यादव व पुत्रवधु साक्षी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। निखिल यादव व उसकी पत्नी साक्षी अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झज्जर जिले के खंड साल्हावास के गांव धनिरवास के झांसवा रोड़ पर प्राथमिक पाठशाला के भीतर स्थित कंडम घोषित हो चुके आंगनबाड़ी सेंटर की निलामी 25 अगस्त 2025 को जनरल चौपाल में सुबह 10 बजे की जाएगी। बोली की नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

राकेश जाखड़
सरपंच
ग्राम पंचायत धनिरवास (झज्जर)
मो. 9813687200


Elenta Mart
A Perfect Hypermarket
UPTO 80% OFF
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE ₹1 1KG SUGAR
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE WIPEOUT HAND WASH FREE
AZADI MAHOTSAV SALE
9 August to 15 August
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE FREE 2 LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA
ELENTA MART WISHES YOU A HAPPY RAKSHA BANDHAN FILLED WITH LOVE, JOY, AND UNFORGETTABLE GIFTS!
STORIA COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
YUVAUD SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
BUDWEISER NON ALCOHOLIC BEER FREE BUY 1 GET 2
FRESCA 1LTR FREE BUY 1 GET 3
REAL COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
REAL JUICE 1 LTR UPTO 30% OFF
SUPER DEAL
AMUL BUTTER 500GM ₹310 ₹275
SURF EXCEL EASY WASH 7 KG ₹1030 ₹599
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA ₹69
PATANJALI ROOHAFZA FREE BUY 1 GET 1
Amul Vadilal UPTO 50%OFF ON MRP
HAMDARD ROOHAFZA MRP ₹180 @ JUST 155
RED BULL MRP ₹125 @ JUST 90
UPTO 50% Off on our rakhis
PRABHAS GHEE 1 LTR BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹169
24 MANTRA MUSTARD OIL 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
MILK FOOD GHEE 1 LTR MRP ₹580 OUR PRICE ₹505
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹611
LOOSE SUGAR 5 KG OUR PRICE ₹219
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹79
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹115
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹75
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹81
BADAM 1KG OUR PRICE ₹819
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹519
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
UNIFIT DATES BUY 1 GET 1 FREE
ARSHIRVAAD ATTA 10KG ₹495 OUR PRICE ₹430
24 MANTRA ATTA 5 KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA VERMICELLI BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹550 OUR PRICE ₹428
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
TATA TEA PREMIUM 1 kg OUR PRICE ₹365
ORION Choco Pie BUY 1 GET 1 FREE
CADBURY CELEBRATIONS UPTO 25% OFF
4KG Ariel Complete Detergent BUY1 GET 1 FREE
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1199
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1249
K'TRIQ FLOOR CLEANER 50% OFF
TIDE 9KG LAVENDER ₹749
5 LTR TRISHUL PHENYLE 50% OFF
SOFTSENS BABY PRODUCTS UPTO 50% OFF
Whisper ultra pads 50 xl BUY2 GET 1 FREE
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR OUR PRICE ₹650
500 ml PEARS SHOWER GEL BUY1 GET 1 FREE
BUY 1 GET 2 FREE WIPRO SAFE WASH 1LTR
TIDE 12 KG ₹1479 TIDE ROSE & JASMINE OUR PRICE ₹899
BUY 1 GET 1 FREE PRIL 1.5 LTR
SANI FRESH BUY1 GET 1 FREE
Bahadurgarh
Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Address: Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Dighal
Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Payment Accepted
OPEN 7 DAYS A WEEK | 8AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
On shopping of ₹2999, customer can avail Sugar Free at ₹1 or Fresca for free.Only one offer can be claimed per bill.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart